1178
01/02/16

खण्ड-12 संख्या-6

सत्यमेव जयते

# एकादश

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## भाग- 2

# कार्यवाही प्रश्नोत्तर रहित

शुक्रवार, तिथि 3 जुलाई 1998 ई०

## (छ) अप्रत्याशित टैक्स वृद्धि

**श्री प्रेम कुमार :** महोदय, गया नगर निगम द्वारा निर्धारित वर्ष 97 में होल्डिंग टैक्स में अप्रत्याशित वृद्धि एवं सड़कों के वर्गीकरण में गया की वास्तविक स्थिति को नजर अंदाज किया गया । दो तिहाई नागरिकों को सफाई, स्ट्रीटलाईट, पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने में नगर निगम विफल है।

अतः अप्रत्याशित टैक्स वृद्धि एवं सड़कों के वर्गीकरण में सुधार हेतु सरकार से मांग करता हूं।

(व्यवधान)

**अध्यक्ष :** भाषण नहीं। बैठिये न । अभी कहां खत्म किया है।

## (ज) माध्यमिक परीक्षा में अनियमितता

**श्री अवध बिहारी सिंह :** महोदय बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने वर्ष 98 की माध्यमिक परीक्षा में अनियमितता की है। फलतः कुमारी श्वेता रोल कोड 017116 रो नं. - 245 को संसकृत विषय में 80 अंक प्राप्त होने के बावजूद अंकपत्र में 04 अंक देकर अनुत्तीर्ण घोषित किया है। विद्यालय का नाम डी.डी. हाई स्कूल पटना के बदले श्री चंद होई स्कूल कुर्जी लिख दिया है। इस प्रकार सैंकड़ों छात्रों के साथ अन्याय हुआ है। सदन में मैं सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट करता हूं।

## (झ) अस्पताल में गद्दा-बिछावन की व्यवस्था

**श्री गुरु सहाय महतो :** महोदय , गिरिडीह जिला में दो वर्ष पूर्व भयंकर हैजा होने के कारण सदर अस्पताल का करीब 100 शय्या का गद्दा बिछावन खराब हो गया था जिसे फेंक दिया गया, जिससे रोगियों को काफी कठिनाई हो रही है। अतः सरकार से मांग करता हूं कि गद्दा-बिछावन की शीघ्र

व्यवस्था की जाय।

**(ञ) प्रभावित परिवार को राहत**

**श्री नरेन्द्र नारायण यादव :** महोदय, मधेपुरा जिलांतर्गत अंचल आलमनगर, अंचल चौसा, अंचल पुरैनी में दिनांक 29.5.98 की रात में भीषण आंधी, तूफान एवं वर्षा के कारण हजारों की संख्या में गरीबों की झोंपड़ी उजड़ गयी।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि इसकी जाँच कर प्रभावित परिवार को तुरंत राहत दिलायी जाय।

**(ट) आरक्षी अधीक्षक के खिलाफ कार्रवाई**

**श्री तारकेश्वर सिंह :** महोदय, सारण जिलांतर्गत पानापुर थाना कांड संख्या - 99/98 में तूफानी सहनी, लालबाबू ठाकुर के हत्यारों को आरक्षी अधीक्षक द्वारा बचाया जा रहा है। शिवजी राय, रा.ज.द. अध्यक्ष सहित अन्य लोगों को डकैती में फंसाया जा रहा है। सारण के आरक्षी अधीक्षक के खिलाफ सरकार अविलम्ब कार्रवाई कर मामले की जांच उच्चस्तरीय पुलिस पदाधिकारी से करावें।

**(ठ) कालाजार का प्रकोप**

**श्री राम लषण राम "रमण" :** अध्यक्ष महोदय, सम्पूर्ण मधुबनी जिला कालाजार की चपेट में आ गया है। सिर्फ चयनित ग्राम, मंगरौनी, रामपट्टी, लिखपाड़, पालिबार, मिठौली, भच्छी, मलंगिया, जगतपुर, बसुआरा, डुमरी और इजरा में 200 रोगियों की पहचान की गई है, जो मौत से जूझ रहे है।। दर्जनों लोगों की मौत हुई है। पेंटामीन दवा नहीं है। इसकी शीघ्र व्यवस्था हो।

**(ड) दो वनरक्षी को बरामद करना**

**श्री सधनु भगत :** अध्यक्ष महोदय, लोहरदगा जिलान्तर्गत कसियाडीह तथा तिसियावन क्षेत्र के बनरक्षी विलसन लकड़ा एवं राबर्ट कुजूर दिनांक 25.6.98 से